अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार

(हज भवन कोचिंग एवं मार्गदर्शन कोषांग, पटना)

पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा हेतु

नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार की राज्य अल्पसंख्यक कोचिंग योजनान्तर्गत नोडल एजेन्सी मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में हज भवन, पटना में बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा गृह विभाग (आरक्षी शाखा) में पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की नि:शुल्क आवासीय कोचिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार राज्य हज समिति के वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर दिनांक 16.10.2023 से 25.10.2023 तक ऑनलाईन आवेदन नि:शुल्क भर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्र–छात्रों को आवासीय कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। छात्राओं हेतु 50 स्थान आरक्षित रहेगा तथा उनके आवासन एवं अध्ययन हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं स्तर बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं स्तर के ही अनुरूप होगा। प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। वर्ग संचालन दिनांक 06.11.2023 से प्रारम्भ करने की योजना है। पिछले सत्रों में नि:शुल्क आवासीय कोचिंग योजना का लाभ ले चूके छात्रों की अपेक्षा नए छात्रों को नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी तथा इस संबंध में समन्वयक का निर्णय अंतिम होगा।

पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूरे बिहार राज्य में यह अद्वितीय नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम है जहाँ एक ही स्थान पर उपलब्ध है :-

(1) देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के योग्य शिक्षकों द्वारा वर्ग संचालन एवं निश्चित समय सीमा के अन्दर पाठ्यक्रम का समापन (2) सामान्य अध्ययन पर नई परीक्षा नीति के अनुरूप वर्ग संचालन तथा आवश्यक पाठ्य सामग्री का नि:शुल्क वितरण (3) वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा अपने अनुभव के आधार पर नियमित मार्गदर्शन (4) सुसज्जित 24 घंटे पुस्तकालय सुविधा, देश के प्रतिष्ठित संस्थानों की पाठ्य सामग्री तथा पत्र पत्रिकाओं के अतिरिक्त विशेषज्ञों द्वारा संकलित विषयवार विशेष अध्ययन सामग्री (5) इन्टरनेट, ऑनलाईन अध्ययन एवं समूह चर्चा की सुविधा (6) महिला उम्मीदवारों के लिए महिला वार्डेन एवं महिला कर्मियों की निगरानी में आवासन एवं अध्ययन की विशेष व्यवस्था (7) विषयवार टेस्ट सीरीज का आयोजन तथा मूल्यांकन (8) एक अनोखा शांतिपूर्ण स्टडी सर्किल एवं प्रतियोगी वातावरण (9) पूर्व के बैच के सफल छात्रों के साथ नियमित संवाद (10) कमजोर छात्र/छात्राओं की क्षमता में वृद्धि एवं उत्साहवर्धन हेतु सतत मूल्यांकन की विशेष व्यवस्था।

ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि – 16.10.2023 से 25.10.2023 तक
प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि – 26.10.2023 से 28.10.2023 तक
प्रवेश परीक्षा की तिथि – 29.10.2023, प्रवेश परीक्षाफल की घोषणा – 02.11.2023
नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि – 03.11.2023 से 04.11.2023
वर्ग संचालन की तिथि – 06.11.2023

प्रवेश सम्बंधी अतिरिक्त जानकारी हेतु दूरभाष संख्या – 0612–2203315
मोबाईल संख्या– 9097171909, 7070810696, 8271463343, 9693638579 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर उपलब्ध सूचना का भी अवलोकन किया जा सकता है।